प्रभात खबर

# Fake Liquor Factory: झारखंड के गिरिडीह में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, घर का मालिक समेत 3 अरेस्ट



Fake Liquor Factory: गिरिडीह-झारखंड की बेंगाबाद पुलिस ने एक गांव में छापामारी कर नकली शराब फैक्ट्री का खुलासा किया. विभिन्न ब्रांडों की शराब समेत अन्य कई सामग्री बरामद की गयी. घर के मालिक और दो शराब तस्करों को भी पुलिस ने अरेस्ट किया है. स्थानीय युवकों की मदद से इस शराब को खपाया जाता था.

बेंगाबाद थाना क्षेत्र की बड़कीटांड़ पंचायत के दालगंदो गांव में गुरुवार की रात पुलिस ने छापेमारी की. इस दौरान एक घर में छापेमारी करते हुए नकली शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया. घर की तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की शराब से भरी बोतल कार्टून में पैक कर रखी हुई थी. पुलिस ने उसे जब्त कर लिया. वहीं बोरा में भरकर रखी खाली बोतल, विभिन्न ब्रांडों के कॉर्क, रैपर, स्टीकर, केमिकल से भरा जारकिन, स्प्रिट, खाली ड्रम, टूलू पंप सहित कई सामग्री पुलिस ने जब्त कर ली है. छापेमारी के दौरान एक कार, गृह स्वामी और दो तस्करों को भी पुलिस टीम ने दबोच लिया. सभी सामानों को जब्त कर पुलिस थाना पहुंची.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/jharkhand/giridih/fake-liquor-factory-busted-3-smuggler-arrested